21237 - ह़ाजीगण वे कपड़े क्यों पहनते हैं?

प्रश्न

ह़ज्ज के दौरान ह़ाजी उन कपड़ों को क्यों पहनता है?

विस्तृत उत्तर

ह़र प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह़ तआला के लिए योग्य है।.

अल्लाह़ तआला ने ह़में अपने रसूल मुह़म्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के माध्यम से ह़ज्ज और उम्रा के दौरान इज़ार (तहबंद) और रिदा (चादर) पहनने का आदेश दिया है, जिसकी ह़िकमत वही जानता है। इसलिए ह़में सवाब की आशा में उसके आदेश का पलन करना है, चाहे ह़में उसकी ह़िकमत का पता हो या न हो। विद्वानों ने इस (की ह़िकमत) के बारे में जो उल्लेख किया है, वह यह है : क़ियामत के दिन लोगों के उठाए जाने और इकट्ठा किए जाने की स्थिति की याद दिलाना, तथा ह़ाजी को विनम्रता और अमीर एवं गरीब के बीच समानता का एह़सास दिलाना। ह़म अल्लाह़ से प्रार्थना करते हैं कि ह़में और आपको सामर्थ्य और शुद्धता प्रदान करे और सत्य पर सुदृढ़ रखे यहाँ तक कि ह़म उससे जा मिलें।

और अल्लाह़ ही सामर्थ्य प्रदान करने वाला है। तथा अल्लाह़ ह़मारे नबी मुह़म्मद, आपके परिवार और साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।